>

Ttile: Need to make Dhushi Dam on the river Beas in Punjab.

श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब): अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि मैं यहां का सदस्य हूँ और आपने आज मुझे पहली बार बोलने का मौका दिया है।

मैं जिस कांस्टिट्यूएंसी (खडूरसाहिब) से आता हूँ, उसका पाकिस्तान के साथ लगा हुआ सबसे लम्बा बोर्डर है। वर्ष1965 और वर्ष 1971 की जंग में सबसे ज्यादा नुकसान इसी क्षेत्र में हुआ था। पंजाब में जो 22 साल टेरेरिज्म रहा, उसमें इस क्षेत्र के करीब 11 हजार लोगों ने अपनी जान गवाईं, जिनमें मेरे पिताजी, जो उस टाइम मौजूदा एम.एल.ए. थे, उन्होंने भी शहादत दी थी। मुझ पर चार बार टैरेरिस्ट अटैक हुआ। मेरे शरीर पर आज भी गोलियों के निशान है।

मैं आपसे विनती करता हूँ, कि आप मुझे कृपया दो मिनट दे दीजिए, आप बेल न बजाए। हमारी मुश्किलें दूसरे क्षेत्रों से विपरीत हैं। आज पंजाब में जो पहले सिख मास्टर श्री गुरु नानक देव जी है, उनका हम नवम्बर में 550वां जन्मदिन मनाने जा रहे है। जो समिति है, मैं उसका सदस्य होने के नाते आपसे विनती करता हूँ कि 1 नवम्बर को यह कार्य होगा और सभी पार्टीज के सदस्यों का एक डेलिगेशन उसमें जरूर शामिल हो। एक करतारपुर कॉरिडोर बन रहा है, वह दो किलोमीटर पाकिस्तान के अंदर बन रहा है। हिन्दुस्तान सरकार ने काफी हिम्मत की है, पाकिस्तान के साथ मिलकर, मगर उसकी स्पीड कम है। उसे तेजी के साथ बनाना है, ताकि यह नवम्बर तक शुरू हो जाए। मैं विनती करता हूँ कि मेरे क्षेत्र में ब्यास रिवर है, जब भी पानी का लेवल बढ़ जाता है। वहां कुछ फ्लड वगैरह आ जाती है, तो बहुत ज्यादा जमीन को काट के ले जाती है, जिससे करोड़ों रुपया हर साल उसके मुआवजे में देना पड़ता है। आपसे मेरी दरख्वास्त है कि इसके साइड्स पर धुसी बांध बनाया जाए जिससे जमीन का बचाव हो सके।

13.00 hrs

सर, बस एक प्वाइंट रह गया है, मैं कंक्लूड कर रहा हूं ।...(व्यवधान) सर, मुझे वहां पर अपने लोगों के लिए इम्प्लॉयमेंट चाहिए । मेरा कद छः फुट है, जब मैं उन लोगों के बीच में जाता हूं तो मैं बौना लगता हूं । वहां सात-सात फुट के लोग हैं । मेरी मांग है कि आप तरनतारन में एक आर्मी रिक्रूटमेंट सेंटर खुलवाइए । ...(व्यवधान) देश का जो दुश्मन आंख उठाकर देखेगा, वे उससे ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री जसबीर सिंह गिल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।